



# समाज को जातियों में बांट कर देश को खंडित कर रहे विभाजनकारी

## घाट बमुरिया के बैरामपुर धाम में आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**निज संवाददाता-घाटबमुरिया। घाटबमुरिया मंडल के बैरामपुर धाम में बुधवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाजजनों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का आयोजन बैरामपुर धाम में चल रहे मेले में किया गया था। जहां श्रीरामकथा का वाचन भी किया जा रहा है। सम्मेलन से पूर्व गौमाता का पूजन किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित किया। इसके उपरांत विशाल समरसता भोज आयोजित किया गया।**





सम्मेजलन में आचार्य पंडित रामेश्वर जी महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। किंतु अब भी कई आसामाजिक तत्व हमारे देश में जातियों में बांटकर राजनीति कर रहे हैं। अंग्रेजों ने भी हमारे देश में फूट डालो और राज्य करो की नीति अपनाई। देश की उस समय जन संख्या 35 करोड़ थी और अंग्रेजों की संख्या 20 हजार। हमे राष्ट्र धर्म को अपनाना चाहिए, हमें एक होने के लिए की आवश्यकता है। अमृतकाल में भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने की जरूरत है। छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर भी अपने देश धर्म के लिए काम कर सकते हैं।

जाति से कोई नीच नहीं होता, नीच कौन जो बहनों को बहन न माने, जो जीवों को जीने न दे, गौमाता को माने, धरती माता को न मानें, पर्यावरण को नष्ट करें, उसको नीच कहेंगे हम। धर्म जीवन में होना ही चाहिए। इसलिए हम कहते हैं धर्म की जय हो। उन्होंने कहा कि भारत भूमि को प्राचीन काल में आर्यावर्त, भरत खंड जैसे महान नामों से जाना गया है। यह केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, संस्कार और सभ्यता की पुण्यभूमि रही है। हमारे पूर्वजों ने जिस अखंड भारत की कल्पना की थी, वह अत्यंत विशाल और समृद्ध था। आज विभिन्न ऐतिहासिक और राजनीतिक कारणों से उसकी सीमाएँ संकुचित हो गई हैं। यह विषय केवल चिंता का नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और जागरण का भी है।

आज हम श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं। जब हम माता कैकेयी, माता सीता, माता कौशल्या जैसे आदर्श चरित्रों का स्मरण करते हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से मन में उठता है कि ये दिव्य माताएँ किसी एक सीमित भूभाग की नहीं थीं। वे उसी व्यापक सांस्कृतिक भारत की प्रतीक थीं, जिसकी जड़ें आज भी हमारे संस्कारों, परंपराओं और आचरण में जीवित हैं।

श्रीराम कथा हमें यह संदेश देती है कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी भूमि से अधिक उसके चरित्र, मर्यादा और एकता में निहित है। आज आवश्यकता है कि हम इस सांस्कृतिक एकता को समझें, अपनाएँ और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ। उन्होंने बताया कि रावलपिंडी कैकई का मायका था, लवकुश शहर को हम अब लाहौर के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने महाभारत काल पर बोलते हुए माता गांधारी का गांधार देश था, हमारी संस्कृति की वहां तक की सीमा थी। आज 28 राज्य 8 केंद्र शासित में से कई 6000 तहसीलों में से हम 1500 में अल्पसंख्यक हो गए हैं।



## स्कूली वाहनों की जांच कर लगाया 82 हजार का जुर्माना

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले की तहसील चंदेरी के स्कूलों की चैकिंग की गई। जिसमें चंद्रभान सिंह पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकादमी, सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद स्कूल की वाहनों की चेंकिग की गई। जिसमें नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 82 हजार रूपये की राशि वसूल की गई। जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं थे उन्हे पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनो की चैकिंग की जा रही है। चैकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री मिलते हैं, उनके विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, कार्यालय द्वारा 1 अप्रैल 2025 से अभी तक कुल 117 वाहनों क विरूद्ध चालानी कार्यवाही से समन शुल्क राशि रु 3,13,500 एवं दो यात्री वाहनों को जप्त कर कर राशि रु 15,02,633 वसूल कर कुल राशि 18,16,133 रूपये की वसूली वाहनों की चैकिंग से की गई।

## एक नजर में

### उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित होंगे कलेक्टर

**अशोकनगर।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 में उत्कृष्ट कार्य हेतु कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में पुरस्कृत किया जाएगा।

### 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानसुार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन 25 जनवरी को कलेक्ट्रेट में आयोजित किया जाएगा। साथ ही कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

### सेमराहाट में लगा आयुष स्वास्थ्य शिविर

**अशोकनगर।** बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र सेमरहाट में आयुष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क औषधि वितरण कराया गया।

### ऊंचाई से गिरने के कारण वृद्ध की मौत

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पत्थर मोहल्ला में वंदना स्कूल के सामने एक 72 वर्षीय व्यक्ति ऊंचाई से गिर गया, जिसकी इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल भोपाल में मृत्यु हो गई। अस्पताल द्वारा सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक जगन्नाथ पुत्र कुंजलाल ओझा उम्र 72 साल बन्ना स्कूल के पास रहते हैं।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ निकलेगा जैन समाज का विमान

## जगह-जगह तोरण द्वार, झंडियां एवं धार्मिक प्रतीकों से नगर की शोभा बढ़ाई

**निज संवाददाता-पिपरई। नगर में जैन समाज द्वारा परंपरागत धार्मिक आस्था के प्रतीक विमान जी का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में किया जा रहा है। इस पावन अवसर को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा नगर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।**



जगह-जगह तोरण द्वार, झंडियां एवं धार्मिक प्रतीकों से नगर की शोभा बढ़ाई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान जी का शुभारंभ सुबह जैन मंदिर से विधि-विधान, मंगल पाठ एवं विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात विमान जी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए धर्म लाभ अर्जित करेंगे। यात्रा में जैन समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में भाग लेंगे, जिससे पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर हो उठेगा।

विमान जी यात्रा के स्वागत हेतु मार्ग में जगह-जगह रंगोली सजाई जाएगी तथा श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की जाएगी। कई स्थानों पर जलपान एवं सेवा स्टॉल भी लगाए जाएंगे। समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी, वहीं युवाओं द्वारा अनुशासन एवं सेवा व्यवस्था संभाली जाएगी। वातावरण 'जय जिनेंद्र' के गगनभेदी उद्घोष से भक्तिमय बन जाएगा। जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि विमान जी निकालने की परंपरा जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और संयम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक चेतना का संचार होता है और आपसी एकता व भाईचारे की भावना मजबूत होती है। यह आयोजन नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है।

आज आयोजित होगी भजन संध्या

इसी क्रम में आज 22 जनवरी को नगर में स्टेशन रोड़ पर भव्य भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम पर संत शिरोमणि आचार्य श्री 1008 विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री 1008 समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद के साथ एवं वात्सल्य मूर्ति मुनि श्री 108 दुर्लभ सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 निर्धूम सागर जी महाराज का भी पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए समाज के स्वयंसेवकों की विशेष टीम गठित की गई है तथा प्रशासन से भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया गया है। इस आयोजन को लेकर संपूर्ण नगर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।



## करीला में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक

**अशोकनगर।** ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम करीला धाम में स्थानीय दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ब्लॉक समन्वयक सतपाल सिंह जाट ने बताया कि स्वच्छता की निरन्तरता हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव से धार्मिक स्थल को स्वच्छ बनाए रखने हेतु पॉलीथिन के उपयोग को कम करने एवं पॉलीथिन को एकत्रित कर उचित प्रबंधन कार्य किये जा रहे है। ग्राम पंचायत का संयुक्त दल द्वारा कार्ययोजना अनुसार स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता किया गया।

## युगल सरकार मंदिर में कल से बहेगी भागवत ज्ञान की गंगा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल युगल सरकार मंदिर प्रांगण में आगामी 23 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सात दिवसीय इस ज्ञान यज्ञ में सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं यशवंत मिश्रा गोरा वाले महाराज अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवत महिमा का रसपान कराएंगे। इस धार्मिक आयोजन को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कथा के शुभारंभ से पूर्व आज शहर में एक विशाल एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो कि पंचमुखी हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शनि देव मंदिर, अस्पताल चौराहा और महात्मा बाड़ा रोड से गुजरेगी। जिसका समापन युगल सरकार मंदिर प्रांगण में होगा, जहाँ भागवत पोथी की स्थापना की जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर में कथा सुनाएंगे। महाराज श्री अपनी विशेष शैली और भजनों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करेंगे।

## कलाकारों को दिया माटीशिल्प प्रशिक्षण

**अशोकनगर।** मप्र माटीकला बोर्ड भोपाल के द्वारा कौशल विकास योजना अन्तर्गत स्वीकृत टेराकोटा माटीशिल्प प्रशिक्षण हेतु जिले के 25 प्रशिक्षणार्थियों को 45 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का प्रारम्भ बुधवार को सामान्य सुविधा केन्द्र, जिला हथकरघा कार्यालय चन्देरी में एसडीएम चन्देरी मनीष धनगर के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एमपी कॉन लिमिटेड भोपाल के द्वारा जिला हथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र चन्देरी के सहयोग से किया जा गया। प्रशिक्षण अवधि में हितग्राहियों को 100 प्रतिदिन के दर से छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। टेराकोटा के नवीन उत्पादों के साथ चन्देरी टूरिज्म के बढ़ते कदम के साथ आपको भी इस शिल्प से नवीन रोजगार सृजन होगे।

## 1008 दीपों से होगी रामलला की महाआरती, भजन संध्या भी

**श्रीराम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ आज, भजनों से सुरमई होगी संध्या**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के विराजमान होने की दूसरी वर्षगांठ आज है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। शहर में भी इस अवसर पर धार्मिक आयोजन होगें। शहर के सुप्रसिद्ध श्री तार वाले बालाजी मंदिर में भी श्री रामलला का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

साथ ही तार वाले बालाजी सरकार का दरबार सजेगा। इस अवसर पर पुष्प वर्षा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान 1008 दीपों से श्री रामलला की महा आरती होगी। इसके अलावा अन्नकूट प्रसादी वितरण भी होगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। शाम को कोटा और बूंदी से आने वाले भजन गायक और गायिकाओं के द्वारा प्रस्तुत भजनों से संध्या सुरमई होगी। उल्लेखनीय है कि भजन संध्या शाम 6 बजे से प्रारंभ होगी जो देर रात तक चलने का अनुमान है। भजन संध्या में कोटा से सनातनी लखन रावल और बूंदी से पूजा सिंह आ रही हैं जो अपने भजनों के लिए देश भर में प्रसिद्ध हैं।

इसके अलावा स्थानीय भजन गायक आलोक शर्मा भी अपने मधुर भजनों से भजन संध्या को चार चांद लगाएगें। आयोजक करने वाली श्री राम लला मंदिर वर्षगांठ महोत्सव समिति द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ लें।

## बच्चों ने विधायक को बताया- दूर हो जाने से नहीं जा पा रहे स्कूल

**अशोकनगर।** मगरदा चौराहे स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर मगरदा को शासन द्वारा बंद किए जाने से क्षेत्र के कई आदिवासी परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बुधवार को क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय जब मगरदा चौराहे से निकल रहे तो वहां मौजूद छोटे-छोटे बच्चों ने खुद ही विधायक को रोककर अपनी पीड़ा बताई। बच्चों ने बताया कि उनके घर के पास संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय को करीब 4 महीने पहले बंद कर दिया गया है और उन्हें सीएम राइज स्कूल में पढ़ने के लिए कहा जा रहा है। सीएम राइज यहां से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित है। बच्चों ने विधायक को बताया कि न तो आने-जाने के लिए कोई पर्याप्त साधन उपलब्ध है और न ही वे इतनी लंबी दूरी प्रतिदिन तय करने में सक्षम हैं। इसी कारण वे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि पढने की उनकी प्रबल इच्छा है। विधायक श्री राय ने बच्चों की पूरी बात गंभीरता से सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या से अवगत कराया। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस गंभीर विषय का शीघ्र समाधान कराया जाएगा ताकि क्षेत्र के किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो। विधायक ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और आदिवासी अंचल के बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**शिकायत दर्ज**

## पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया, तीन पर प्रकरण दर्ज

# करीला मंदिर में नृत्यांगनाओं के साथ मारपीट

निज संवाददाता

**बहादुरपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध करीला स्थित मां जानकी मंदिर में बुधवार सुबह कुछ नृत्यांगनाओं के साथ एक स्थानीय व्यक्ति ने अपनी बेटियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। जिसके बाद करीब एक दर्जन नृत्यांगनाएं एकजुट होकर बहादुरपुर पुलिस थाने पहुंची और आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीन आरोपियों पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।



बताया गया है कि विदिशा जिले के ग्राम बमौरी शाला की निवासी कुछ नृत्यांगनाएं क़रीला मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की मांग पर बधाई नृत्य कर अपनी आजीविका का पालन करती हैं। बुधवार को यह सभी नृत्यांगनाएं बहादुरपुर पुलिस थाने पहुंचीं। जहां पर उन्होंने पुलिस को बताया कि मंदिर परिसर में ही नारियल अगरबत्ती बेचने वाले गोपाल सोनी निवासी ग्राम बमौरी शाला और उसकी दो बेटियों जान्हवी और मानवी ने बुधवार को उनके साथ मारपीट की। इस मारपीट से एक नृत्यांगना के कमर पर चोट आई तो एक नृत्यांगना के गले में नाखूनों से खरोंच लिया गया। अन्य ने भी अपने साथ मारपीट की घटना की बात कही। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी गोपाल सोनी और उसकी दोनों बेटियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत करने के लिए मुस्कान, राजकुमारी, गुड्डी, अंजली, रक्षा, शशि, रोशनी, रंजना, शिवानी, काजल आदि नृत्यांगनाएं पहुंची थीं।

क़रीला में स्थाई पुलिस चौकी की मांग

जसैया ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सुनीता यादव ने इस घटना पर चिंता जाहिर करते हुए करीला धाम में स्थाई पुलिस चौकी खोलने की मांग की है। श्रीमती यादव ने कहा कि करीला धाम बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई का संरक्षण स्थल है। यहां इस नृत्य को बधाई स्वरूप करने वाली नृत्यांगनाओं के साथ अक्सर अश्लील हरकतें, मारपीट और अभद्रता की घटनाएं सामने आती हैं। कुछ दिनों पहले मंदिर परिसर में अश्लील गीतों पर नृत्य के वीडियो भी वायरल हुए थे। वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव कहते हैं कि करीला धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह मंदिर दो ओर से विदिशा जिले की सीमा से घिरा है। जंगली क्षेत्र हैं, दूर दूर तक सुनसान है। यहां पुलिस चौकी की अत्यंत आवश्यकता है।



## प्राणपुर हाईस्कूल में मनाया गया आनंद उत्सव, खो-खो कबड्डी और बॉलीबॉल में छात्रों ने दिखाया दम

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत प्राणपुर में आनंद उत्सव अभियान के तहत हाई स्कूल प्रांगण प्राणपुर में खेलों का आयोजन बुधवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

आनंद उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को खो-खो, कबड्डी, बॉलीबॉल, रस्सा कस्सी, बैडमिंटन, मैराथन सहित अन्य खेल खिलाए गए। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अस्मी अहिरवार, दिव्यांशी बबेले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैराथन दौड़ बालिका वर्ग में अस्मी अहिरवार ने एवं बालक वर्ग से अनिकेत यादव ने मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही शतरंज प्रतियोगिता में अतुल कोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के खेल शिक्षक अब्दुल करीम खान, राजकुमार लोधी ने बच्चों को खेल खिलवाए।

इस दौरान विद्यालय के शिक्षक अरुण दिवाकर, जीवन शाक्य, केशव गुप्ता, विनोद चतुर्वेदी, ब्रजेश कुमार नापित सहित अन्य मौजूद रहे।